# हिमाचल प्रदेश विधान सभा

**विधान सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 21 अगस्त, 2026 को माननीय अध्यक्ष, श्री कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में कौंसिल चैम्बर, शिमला-171004 में 11:00 बजे पूर्वाह्न आरम्भ हुई।**

**21.08.2026/1100/ए.जी.-एन.जी./1**

## माननीय अध्यक्ष द्वारा स्वागत सम्बोधन

**अध्यक्ष :** मानसून सत्र में भाग लेने के लिए मैं इस माननीय सदन के समस्त सदस्यों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करता हूं। विशेष तौर पर माननीय सदन के नेता, श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू जी, माननीय उप-मुख्य मंत्री, श्री मुकेश अग्निहोत्री जी, प्रतिपक्ष के नेता, श्री जय राम ठाकुर जी, वैसे नेता प्रतिपक्ष आज सदन में मौजूद नहीं हैं, सभी सम्माननीय मंत्रीगण एवं विधायकगण जो इस माननीय सदन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं, आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

यह सत्र चौदहवीं विधान सभा का 12वां सत्र है। मैं आशा करता हूं कि 10 दिन चलने वाले इस मानसून सत्र में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों से मुझे पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा। मेरा सदन के सदस्यों से आग्रह है कि सत्र के दौरान जनहित से जुड़े मुद्दों को ही सदन में उठाएं तथा हिमाचल प्रदेश विधान सभा की गरिमा व परंपराओं का सम्मान करते हुए नियमों की परिधि में रह कर जनहित से जुड़े विषयों पर सदन में सार्थक चर्चा करें और सत्र के संचालन में अपना सहयोग दें। इससे पूर्व कि मैं आज की कार्यवाही आरम्भ करूं, सभा मण्डप में उपस्थित सभी से मेरा आग्रह है कि वे राष्ट्रगान के लिए अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जाएं।

(**सभा मण्डप में उपस्थित सभी राष्ट्रगान के लिए अपने-अपने स्थान पर खड़े हुए।**)

(**राष्ट्रगान गाया गया।**)

श्रीमती पी0बी0 द्वारा......जारी

**21.08.2026/1105/AG/PB/1**

**अध्यक्ष जारी……….**

चूंकि आज मॉनसून सत्र का पहला दिन है।...(व्यवधान)

**श्री विपिन सिंह परमार** : अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रहित से जुड़ा एक व्यवस्था का प्रश्न है। संसद में राष्ट्रगीत से संबंधित जो कानून बना है मैं उस संदर्भ में अपनी बात सदन में रखना चाहता हूं।

**अध्यक्ष** : संसद में जो कानून बना है ...(व्यवधान) वह कानून इस सदन में अवश्य लागू होगा।...(व्यवधान) लेकिन इस विधान सभा की जो कन्वेंशन है...(व्यवधान) एक मिनट बैठ जाइए। Please take your seats. ...(व्यवधान) कृपया आप बैठ जाइए। हम विधान सभा के सत्र को राष्ट्रगान से शुरू करते हैं और उसका समापन राष्ट्रगीत से करते हैं। इसलिए राष्ट्रगीत सत्र के अंत में होगा और पूरा होगा।...(व्यवधान)

**(सत्ता पक्ष व विपक्ष के सभी माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर नारेबजी करने लगे।)**

मुझे इस कानून की पूरी जानकारी है। मैंने इसे सारा पढ़ लिया है। लेकिन इस विधान सभा की परंपरा के अनुसार हम दोनों चीजें करते हैं। पहले हम राष्ट्रगीत के दो पंक्तियां गाते थे लेकिन अब उसे पूरा गाएंगे। परंतु इसे अंत में गाया जाएगा। ...(व्यवधान) अभी राष्ट्रगीत को बार-बार क्यों गाना है? अभी सत्र राष्ट्रगान से शुरू हो गया है और हमारे यहां यही कन्वेंशन है। लोक सभा में भी सत्र की शुरुआत राष्ट्रगान से ही हुई और सत्र के अंत में राष्ट्रगीत गाया गया। ...(व्यवधान) It is in the Government functions. It is not in the Assemblies. …(Interruption) This law is not applicable to the State Legislature. The law is applicable to the Government agencies. ...(व्यवधान) मैं यह कह रहा हूं कि राष्ट्रगीत के प्रति हमारा सम्मान है और हम उसको तब गाएंगे जब सत्र का समापन होगा।...(व्यवधान) Please take your seats. …(Interruption) आज चूंकि सत्र का पहला दिन है...(व्यवधान) Please take your seats. इस माननीय सदन के तीन पूर्व

माननीय सदस्य इस दुनिया में नहीं हैं, उनके प्रति अपनी संवेदना प्रकट करना हमारा दायित्व है। शोकोद्गार में किसी प्रकार की इंटरफेरेंस अथवा इंटरप्शन का कोई प्रावधान या कन्वेंशन नहीं है।...(व्यवधान)

**21.08.2026/1105/AG/PB/2**

हम सबको इस दुनिया से जाना है और इस माननीय सदन के सदस्य रहने के बाद अगर ये माननीय सदन हमारे द्वारा दी गई सेवाओं के प्रति अपनी संवेदना न प्रकट करे तो मैं समझता हूं कि इससे बड़ा दुर्भाग्य कोई और हो ही नहीं सकता।...(व्यवधान) इसलिए मेरा आप सबसे विशेष रूप से आग्रह है कि विपक्ष के सभी माननीय सदस्य अपनी-अपनी सीट पर बैठे रहें।...(व्यवधान) अभी शोकोद्गार है उसके बाद there are lot of opportunities. पूरे दस दिन हैं और आपके पास पूरी ऑपर्च्युनिटी है। लेकिन ये कंवेन्शन या आप ये जो नया प्रिसिडेंट चलाने का प्रयास कर रहे हैं, मैं समझता हूं कि यह उपयुक्त नहीं है। अभी शोकाद्गार है...(व्यवधान) Please take your seats.

**श्री ए0पी0 द्वारा जारी**

**21.08.2026/1110/ए0एस0/ए0पी0/-01**

**अध्यक्ष जारी .....**

आप यह जो नया प्रिसिडेंट चलाने का प्रयास कर रहे हैं, मैं समझता हूं कि यह उपयुक्त नहीं है। अभी शोकोद्गार होने हैं …(व्यवधान) Please take you seats. ...(Interruption) Please take your seats …(Interruption) Let the obituary be over, thereafter, I will give you an opportunity. In any case, if you want to say something, certainly, I will give you a chance. Please take your seats. …(Interruption) Please take your seats. …(Interruption) Hon'ble Members, please take your seats. …(Interruption) मैं अब आग्रह करूंगा माननीय मुख्य मंत्री जी से …(Interruption) Let the obituary be over first. …(Interruption) Let the obituary be over first. …(Interruption) Hon'ble Member Shri Vipin Singh Parmar, please

take your seat. आपको नेता प्रतिपक्ष के रूप में रोल अदा करने का चांस मिला है, इसलिए कृपया आप बैठ जाइए। ...(व्यवधान) आप बैठ जाइए। ...(Interruption) Please take your seats. ...(Interruption) Please take your seats ...(Interruption) Please take your seats. ...(Interruption) Please take you seats otherwise I will be forced to adjourn the House. ...(Interruption) Please take you seats. ...(Interruption) Please order in the House. ...(Interruption) Please take your seats. ...(Interruption). Now, the House is adjourned and we will assemble tomorrow at 11-00 o'Clock.

सदन की बैठक शनिवार दिनांक 22 अगस्त, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गई।

**शिमलाः 171004** **(यशपाल शर्मा)**
**21 अगस्त, 2026** **सचिव**